

थाना क्षेत्रों में जनचौपाल कार्यक्रमों का आयोजन

मैहर एसपी ने ग्राम पिपराकला में ग्रामीणों से किया संवाद, नशा उन्मूलन, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध एवं सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

नवभारत न्यूज

मैहर 30 जून, पुलिस महानिरीक्षक रीवा संभाग गौरव राजपूत के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में संचालित सामुदायिक पुलिसिंग अभियान आपकी पुलिस आपके द्वार के अंतर्गत आज जिला मैहर के सभी थाना क्षेत्रों में जनचौपाल कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों का उद्देश्य पुलिस एवं आमजन के मध्य संवाद, विश्वास एवं सहभागिता को सुदृढ़ करना, ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निराकरण करना तथा नशा उन्मूलन, महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव एवं यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम पिपराकला में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने आमजन को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम, सीवीवी, यूपीआई पिन अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध कॉल, ऑनलाइन ठगी अथवा साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा निकटतम पुलिस थाने में सूचना दें। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दोपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने तथा सभी नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल चालान से बचने का साधन नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। साथ ही युवाओं एवं ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी द्वारा महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, संबंधित कानूनी प्रावधानों एवं यातायात नियमों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। थाना रामनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत देवराजनगर में आयोजित जनचौपाल में एसडीओपी श्रीमती ख्याति मिश्रा द्वारा महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव एवं विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में निरीक्षक विजय त्रिपाठी, सहायक उपनिरीक्षक भागचंद कुशराम एवं उपनिरीक्षक आकाश बागड़े द्वारा भी ग्रामीणों को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त थाना ताला अंतर्गत ग्राम कंदहेली में निरीक्षक महेन्द्र मिश्रा, थाना बदेरा अंतर्गत ग्राम ककरा में थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार, थाना देहात अंतर्गत ग्राम जरियरी में निरीक्षक पंचराज सिंह तथा थाना अमरपाटन अंतर्गत ग्राम जमताल में निरीक्षक विजय परस्ते के नेतृत्व में जनचौपाल कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें आमजन को नशा उन्मूलन, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं यातायात नियमों के संबंध में जागरूक किया गया तथा उनकी समस्याएं सुनकर यथासंभव निराकरण किया गया। जनचौपाल कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, युवा एवं बुजुर्ग उपस्थित रहे। मैहर पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे नशे से दूर रहें, साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहें, यातायात नियमों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि अथवा समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें। जनचौपाल कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

अमदरा थाना अंतर्गत झुकेही में लगी जन चौपाल

इसी क्रम में थाना अमदरा अंतर्गत ग्राम झुकेही में नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह चौहान द्वारा जनचौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक अशोक सिंह सेंगर, सहायक उपनिरीक्षक मीना धुर्वे एवं प्रधान आरक्षक अनिल सिंह द्वारा साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशा उन्मूलन एवं यातायात नियमों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

हनुमान मंदिर में शेषनाग की मूर्ति और त्रिशूल ले उड़े चोर

बिरसिंहपुर 30 जून, जिले के बिरसिंहपुर क्षेत्र के बधान टोला स्थित हनुमान मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर क्षेत्र में सनसनी फैला दी। चोरों ने मंदिर के अंदर रखी धार्मिक सामग्री को निशाना बनाया और शेषनाग की मूर्ति तथा भगवान शिव के शिवलिंग का त्रिशूल चोरी कर ले गए। सुबह जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तो चोरी की जानकारी सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मंदिर परिसर में जमा हो गई। धार्मिक स्थल पर हुई इस चोरी की घटना को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता से जांच कर जल्द से जल्द अज्ञात चोरों का पता लगाया जाए और चोरी गई धार्मिक वस्तुओं को बरामद किया जाए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और चोरों की तलाश की जा रही है।

सबमर्सिबल मोटर चोरी का खुलासा तीन आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

नागौद 30 जून, नागौद थाना पुलिस ने खेत से चोरी हुई सबमर्सिबल मोटर और सिंचाई उपकरणों की चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 35 हजार रुपये मूल्य का चोरी गया पूरा मशरूका बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम कचनार निवासी रामचन्द्र मिश्रा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके खेत में बोरवेल में लगी 5 एचपी की CRI कंपनी की सबमर्सिबल मोटर, 130 फीट केबल, 130 फीट रस्सी तथा 13 प्लास्टिक कॉलम पाइप अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं। इस पर नागौद थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सलैया निवासी सूर्यकांत लोधी ने कचनार में ठेके पर ली गई जमीन पर एक सबमर्सिबल पंप, पाइप, केबल और रस्सी छिपाकर रखी है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर पूछताछ की, जिसमें सूर्यकांत लोधी (20 वर्ष), निवासी सलैया, थाना नागौद ने अपने साथियों गोलू लोधी और जयगोपाल लोधी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों के मेमोरेंडम के आधार पर पुलिस ने चोरी गई 13 प्लास्टिक पाइप, सबमर्सिबल पंप, केबल और रस्सी बरामद कर ली। बरामद मशरूका की कुल कीमत करीब 35 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

रेलवे की विभिन्न समस्याओं को लेकर अनशन आज से

- मझगवां में रीवा आनंद बिहार ट्रेन के स्टॉपेज आर.पी.एफ चौकी एवं आरक्षण केंद्र खोलने की मांग

नवभारत न्यूज

सतना 30 जून, अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव आशुतोष द्विवेदी ने प्रेस में जारी किए गए बयान में कहा की मझगवां स्टेशन मध्यप्रदेश का पहला व प्रभु श्री राम की कर्मभूमि तपोभूमि श्रीचित्रकूट धाम का प्रथम द्वार माना जाता है.

यहां से रोजाना हजारों यात्रियों का आना-जाना होता है लेकिन देश की राजधानी दिल्ली व संभाग रीवा जाने हेतु समुचित रेल सुविधा का कोई साधन नहीं है हमने क्षेत्रिय जनता के माध्यम से कई बार जन आंदोलन व धरना प्रदर्शन कर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया लेकिन हमारी मांग पर रेल प्रशासन द्वारा आज दिनांक तक कोई हल नहीं निकला वहीं पूर्व में मझगवां स्टेशन परिसर में रेल सुरक्षा बल की चौकी मौजूद थी जिसे बंद कर दिया गया है जिसके कारण अपराधिक गतिविधियां व रेल में चोरियों की घटनाएं लगातार बढ़ रही है जिससे यात्रियों व आमजन को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तथा यहां के सैकड़ो लोगों को रोजाना रिजर्वेशन कराने के लिए ऑनलाइन की दुकान या 40 किलोमीटर दूर सतना जैतवारा व मानिकपुर तक जाना पड़ता है जिसके कारण आमजन को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण मजबूरन हमे अब अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के लिए बाध्य होना पड़ रहा है जो की हम आज दोपहर 1 बजे से स्टेशन परिसर पार्किंग स्थल में अनिश्चितकालीन समय के लिए गांधीवादी तरीके से हड़ताल कर अपनी मांग रेल प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करेंगे ।

हिरौंदी में 19 को होगा पत्रकार सम्मान समारोह

कोटर 30 जून, राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत का पत्रकार सम्मान समारोह हिरौंदी मझगवा में 19 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह चंदेल होंगे, अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकेश त्रिपाठी करेंगे । कार्यक्रम के मुख्य संयोजक रवि गुप्ता संभाग अध्यक्ष कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र पांडे (म.प्र) महामंत्री कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष अतुल गौतम करेंगे सतना जिले की कमेटी ने सभी लोगों को आमंत्रित किया है. जीतेन्द्र अग्निहोत्री संभाग सचिव रीवा संभाग उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार द्विवेदी मोहन स्वरुप चौबे वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बलभद्र मिश्रा जिला सचिव अजय तिवारी जिला उपाध्यक्ष अजय दुबे मंडल अध्यक्ष बिरसिंहपुर आशीष दुबे तहसील अध्यक्ष बिरसिंहपुर शिवम शुक्ला आदि ने सभी से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील किया।

श्रीमद् भागवत कथा पुराण में पहुंच रहे श्रोता

नवभारत न्यूज

रामपुर बघेलान 30 जून, विधानसभा क्षेत्र के थथौरा ग्राम पंचायत के सोनवारा में स्थिति स्वयंभू श्री हनुमान मन्दिर में 23 जून से शुरू श्रीमद् भागवत कथा पुराण में क्षेत्र और जिले कथा प्रेमी कथा लाभ उठा रहे हैं ।

इसी क्रम युवा उद्योगपति एवं वरिष्ठ समाजसेवी गुलाब शुक्ला अपने सामाजिक काफिले के साथ श्रीमद् भागवत कथा पुराण सुनने पहुंचे। श्रीमद् भागवत कथा पुराण में हैदराबाद से आए आचार्य पंडित भास्करानंद जी महाराज कथा व्यास के मुखारविंद से अमृतमई भगवान श्रीकृष्ण और जाऊमंती के विवाह का प्रसंग सुना। भास्कर गौतम महाराज ने कहा कि कलयुग में जो व्यक्ति धर्म के मार्ग पर चलता, दीन दुखियों, असहायों की मदद करता हैं, मंदिरों का निर्माण करता हैं, गौ माता और ब्राम्हणों की सेवा करता हैं, उसके कुल में कभी दलिद्रता का बॉस नहीं होता, पृथ्वी लोक में रहते हुए स्वर्ग के सूखों को भोगते हुए अंत समय में वैकुंठ धाम में वास करता है। वरिष्ठ समाजसेवी गुलाब शुक्ला ने श्रीमद् भागवत कथा में शामिल सभी पंडितों, आचार्यों को दक्षिणा दी, प्रसाद चढ़ाया, कथा व्यास भास्कर गौतम जी को साल, श्रीफल और दक्षिणा देकर सम्मानित किया। है। भंडारे के लिए अलग से दान दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से इंद्रभान पयासी, कृष्णानंद तिवारी, युवा समाजसेवी पं केसी शुक्ला "कोटर", नरेन्द्र पांडेय, हरिशंकर तिवारी, कान्हा शुक्ला आदि सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

भैंसवार में जन चौपाल : आपकी पुलिस आपके द्वार का आयोजन

- कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

नवभारत न्यूज

कोठी 30 जून, जिले के कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैंसवार में "जन चौपाल आपकी पुलिस आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी ने किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित एवं विधिसम्मत निराकरण का आश्वासन दिया। जन चौपाल में कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी ने ग्रामीणों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, महिला एवं बाल सुरक्षा, नशा मुक्ति, यातायात नियमों तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अपराध या साइबर ठगी की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके, कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी स्थानीय समस्याएं एवं सुझाव भी पुलिस के समक्ष रखे। थाना प्रभारी ने लोगों से कानून का पालन करने, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि "जन चौपाल-आपकी पुलिस आपके द्वार" अभियान का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच विश्वास, संवाद और सहयोग को और मजबूत करना है। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जनता अपनी समस्याएं सीधे पुलिस तक पहुंचा पाती है, जिससे उनका समाधान अधिक प्रभावी ढंग से हो सकता है।

शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे जनपद सदस्य

आबकारी अधिकारियों की समझाइश भी रही बेअसर, बाद में उचेहरा तहसीलदार के आश्वासन पर तोड़ा अनशन

नवभारत न्यूज

सतना 30 जून, नागौद विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिथौराबाद में संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय जनपद सदस्य रमेश कुशवाहा उर्फ लालाजी मंगलवार सुबह से पोड़ी तिराहा स्थित हनुमान मंदिर के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए है।

रमेश कुशवाहा ने बताया कि बीते 15 दिन पूर्व कलेक्टर, जिला आबकारी अधिकारी तथा स्थानीय पुलिस चौकी को ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान हटाने की मांग की गई थी। साथ ही चेतावनी दी गई थी कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं हुई तो वे भूख हड़ताल शुरू करेंगे। मांग पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्होंने आंदोलन शुरू कर दिया। श्री कुशवाहा का आरोप है पोड़ी के नाम से संचालित शराब दुकान पिथौराबाद में चलाई जा रही है। दुकान के ठीक सामने विद्युत सब-स्टेशन तथा समीप शासकीय माध्यमिक विद्यालय स्थित है। मुख्य मार्ग पर होने के कारण यहां दिनभर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे राहगीरों, महिलाओं और विद्यार्थियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। विद्यालय परिसर में शराब की खाली बोतलें फेंकी जाती हैं जिससे क्षेत्र का सामाजिक एवं शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। आकिर में उचेहरा तहसीलदार ज्योति पटेल के दो दिन में हटाने के आश्वाशन पर तोड़ा गया भूख हड़ताल अनशन.

आबकारी अधिकारियों की समझाइश भी नहीं आई काम

भूख हड़ताल की सूचना मिलने पर जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम एवं वृत्त प्रभारी सोनिया ठाकुर अमले के साथ स्थल पहुंचे। अधिकारियों ने रमेश कुशवाहा से बातचीत कर भूख हड़ताल समाप्त करने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने अपनी मांग पर अडिग रहते हुए स्पष्ट कहा कि जब तक शराब दुकान को वहां से नहीं हटाया जाएगा, तब तक उनका अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगा।

103 वर्ष पूर्ण करने वाली कर्नाटक माताजी के नाम से प्रसिद्ध अब हमारे बीच नहीं रही

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 30 जून, धर्म नगर स्थित प्रमोद वन में लगभग 25 30 वर्षों से चित्रकूट में आकर भजन संध्या तपस्या साधना करती रही जो अस्थाई रूप से प्रमोद वन में अपना निवास बनकर रह रही थी जो 103 वर्ष पूर्ण करने के बाद अपने बीच नहीं रही.

बताया जाता है किपरम पूज्य संत कर्नाटक वाली माताजी का जन्म 2 अक्टूबर 1923 कर्नाटक के मैसूर राजघराने में हुआ था ण् माताजी ने घर छोड़ने के बाद कई जगह घोर तपस्या की तथा विभिन्न प्रकार की शक्तियाँ प्राप्ति कीण् वह हरदम कहती थी कि मैं गृहस्थ वालों की माँ हूँ। उनका भगवान के प्रति बहुत ही अटूट प्रेम एवं विश्वास था उन्होंने तमाम गृहस्थ रिवारिक जनों का कल्याण किया तथा उनकी मनोकामनाएं पूर्ण कियाण् वही चित्रकूट कर्वी के प्रसिद्ध उद्योगपति विवेक अग्रवाल ने कहा कि वह मेरी गुरु माँ भी थीण् उन्होने मुझको वो दिया जो कोई और नहीं दे सकता था. इनका मेरे प्रति मेरे परिवार के प्रति तथा सभी ग्रहणियों के साथ उनका अटूट प्रेम रहता था. इस खबर को सुनकर चित्रकूट सहित संपूर्ण क्षेत्रमे दुख की लहर है सभी लोग कहते हैं वो आज हमारे बीच नहीं रही.

बिरसिंहपुर में बिजली संकट पर फूटा जनता का गुस्सा, भाजपा मंडल ने किया विद्युत विभाग का घेराव

- जेई अनुज पाण्डेय को हटाने की मांग

नवभारत न्यूज

बिरसिंहपुर 30 जून, भीषण गर्मी और उमस के बीच बिरसिंहपुर क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती से त्रस्त आम जनता के सब्र का बांध आज टूट गया।

भारतीय जनता पार्टी बिरसिंहपुर मंडल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान विभाग के कनिष्ठ अभियंता (जेई) अनुज पाण्डेय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की गई। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रमोद द्विवेदी ने आरोप लगाया कि जेई अनुज पाण्डेय की लापरवाही के कारण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने बताया कि बिना किसी पूर्व सूचना के दिन-रात घंटों बिजली काटी जा रही है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सबसे ब?ी चिंता यह है कि अधिकारी न तो फोन उठाते हैं और न ही कार्यालय में मौजूद रहते हैं, जिससे आम जनता और जनप्रतिनिधि दोनों ही परेशान हैं। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रुद्रदत्त पाण्डेय ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पहले जब कार्यालय जैतवारा में था, तब स्थिति इतनी खराब नहीं थी। आज बिरसिंहपुर में पूरी व्यवस्था होने के बावजूद जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना प? रहा है। भाजपा नेताओं ने चेताया कि बरसात के मौसम में बिजली की बार-बार 'ट्रिपिंग' से लोगों का जीवन संकट में पड़ सकता है, जिसके लिए सीधे तौर पर जेई जिम्मेदार होंगे। स्थितियों की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार डॉ. शैलेंद्र शर्मा मौके पर पहुँचे, जिन्हें भाजपा नेताओं ने ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार ने जनआक्रोश को देखते हुए मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

प्रदर्शन में ये प्रमुख पदाधिकारी रहे उपस्थित

इस प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रमोद द्विवेदी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रुद्रदत्त पाण्डेय एवं धनीलाल प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि कमलेश केशरवानी, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा रामसोहावन अग्निहोत्री, मंडल उपाध्यक्ष लोकेंद्र तिवारी, मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा प्यारेलाल चौरसिया, पार्षद रेखा मिश्रा व रामायण पांडेय, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सावित्री यादव, कार्यालय मंत्री आर.पी. गौतम, पूर्व मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा आदर्श त्रिपाठी, सोशल मीडिया प्रभारी घनश्याम गौतम, मंडल मंत्री पारसनाथ त्रिपाठी, आरती केशरवानी व उमाकांत पांडे, बूथ अध्यक्ष रेऊहान राहुल सिंह, पूर्व मंडल महामंत्री राजेश पाण्डेय, मीडिया प्रभारी सुरेश त्रिपाठी और युवा मोर्चा कार्यकर्ता शुभम त्रिपाठी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एसबीआई मैहर सिटी ने दावा राशि का किया भुगतान

नवभारत न्यूज

अमदरा 30 जून,भारतीय स्टेट बैंक, मैहर सिटी शाखा द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) के अंतर्गत एक पात्र नामांकित (Nominee) को बीमा दावा राशि का सफलतापूर्वक भुगतान किया गया।

इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं सामान्य वर्ग के लोगों को आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने वाली एक अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है। शाखा प्रबंधक ओम कांत शुक्ला ने बताया कि बैंक का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पहुँचाना है तथा दावा निपटान की प्रक्रिया को सरल एवं त्वरित बनाना है। इस दावा निपटान प्रक्रिया में फील्ड ऑफिसर राकेश कुमार, एसोसिएट्स सुश्री मुस्कान राय एवं आयुष शुक्ला, तथा सीएसपी संचालक श्री संदीप त्रिपाठी का विशेष सहयोग एवं सक्रिय योगदान रहा। दावा राशि प्राप्त करने वाले नामांकित ने भारतीय स्टेट बैंक एवं पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर प्राप्त यह सहायता उनके परिवार के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। भारतीय स्टेट बैंक ने आमजन से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़कर उनका लाभ उठाने की अपील की है।

पीयूष अग्रवाल चेंबर कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित, हर्ष

नवभारत न्यूज

कोठी 30 जून, नगर के युवा व्यवसायी एवं युवा व्यापारी युवक मंडल कोठी के संरक्षक एवं सचिव पीयूष अग्रवाल के विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स सतना के चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव जीतने पर उनके साथियों व्यापारियों सहित क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

विशेष कर कोठी के युवा व्यापारी युवक मंडल के साथी एवं व्यापारियों में विशेष खुशी का माहौल व्याप्त है सभी साथियों ने इस खुशी के अवसर पर पीयूष अग्रवाल को माला पहनाकर मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया और बधाइयां दी इस अवसर पर संजय सोनी सतीश गुप्ता सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

नागौद-सुरदहा रोड पर प्रशासन ने गिराया मकान

परिवार ने लगाया भेदभाव का आरोप, सड़क चौड़ीकरण का मामला

नवभारत न्यूज

नागौद, 30 जून । रहिकवारा-सुरदहा मार्ग के चौड़ीकरण के नाम पर प्रशासन ने रमेश कुशवाहा का मकान गिरा दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उनका घर निजी अराजी में बना था और पट्टे की जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनवाया गया था।

पीडित के पिता ने कैमरे पर बताया, कहते हैं कि हमें रोड निकालना है। पट्टे की जमीन है। जमीन हमारी थी तो बंटवारा हो गई। पटवारी आते हैं तो कहीं यहाँ से नापते हैं। अब कहते हैं कि तुम्हारी जमीन नहीं है, तो हमारे पट्टे की जमीन गई कहाँ? प्रधानमंत्री आवास के द्वारा बनाया गया था। घटना के बाद पूरे इलाके में चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि प्रशासन ने बिना उचित जांच के कार्रवाई कर दी और एक गरीब परिवार को भारी क्षति पहुंचाई। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। ग्रामीण मांग कर रहे हैं कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और अगर मकान वैध था तो उचित मुआवजा दिया जाए।

क्या है मामला

वीडियो में दिख रहे मलबे के ढेर को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि यह रमेश कुशवाहा का घर था। प्रशासन ने सड़क चौड़ीकरण का हवाला देते हुए कार्रवाई की। वहीं सामने बने सरकारी भवन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।